# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव. :– www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore


## युवा रेडक्रास इकाई
## सत्र 2015–16

- रेडक्रास इकाई में पंजीकृत छात्रा संख्या – 911

रेडक्रास की गतिविधियॉः– 03 दिसंबर 2015 को छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण।


- सदस्यता शुल्क के रूप में जमा राशि :– 22775/रू.
- सदस्यता शुल्क का 30 प्रतिशत राशि राज्य शाखा को प्रेषित 6840/–
- व्यय राशि रू. /रू.

आगामी प्रस्तावित कार्य योजना

माह जनवरी में आपदा प्रबंधन कार्यशाला प्रस्तावित

(डॉ. जी.एल. जैन)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर



कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)

## कन्या महाविद्यालय में नेत्र परीक्षण शिविर सम्पन्न

आज दिनाक 01.03.2016 को शासकीय कन्या महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास के सयुक्त तत्वावधान मे नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओ को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हे आँखो की उचित देखभाल के बारे मे बताया।आँखो की उचित सफाई,समय स आँखे की जाँच, समुचित पोषण उचित आहार पर ध्यान देने से नेत्र संबंधी बीमरियो से बचा जा सकता है। इसके साथ ही उनके सहयोगी श्री प्रभात जैन ने महाविद्यालय की छात्राओ का नेत्र परीक्षण किया जिसमे पदमिनी परमार किरण सुर्यवंशी,कविता मेवाड,पूजा वारिया,रचना मेवाडा, दीक्षा उपाध्याय,डाली खत्री,ज्योति अहिरवार आदि छात्राओ की नेत्र संबंधी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जी.एल.जैन एवं आभार व्यक्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री द्वारा किया गया।






दैनिक भास्कर भोपाल, बुधवार 2 मार्च, 2016 15

## नेत्र शिविर में जांची छात्राओं की आंखें

सीहोर | शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओं को जागरूक करते हुए उन्हें आंखों की उचित देखभाल के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आंखों की उचित सफाई, समय से जांच, समुचित पोषण, उचित आहार पर ध्यान देने से नेत्र संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है।

बुधवार. 02.03.2016 पत्रिका

# 'आंखों की उचित देखभाल जरूरी'

### गर्ल्स कॉलेज में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

सीहोर @ पत्रिका
mp.patrika.com

आंखों की उचित सफाई, समय से आंखें की जांच, समुचित पोषण उचित आहार पर ध्यान देने से नेत्र संबंधी बीमारियों से बचा जा सकता है। नेत्र विशेषज्ञ डॉ. उमेश श्रीवास्तव ने छात्राओं को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आंखों की उचित देखभाल के बारे मे बताया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युवा रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान मे नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इसके साथ ही उनके सहयोगी प्रभात जैन ने महाविद्यालय की छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया। जिसमें पदमिनी परमार, किरण सूर्यवंशी, कविता मेवाड़ा, पूजा वारिया, रचना मेवाड़ा, दीक्षा उपाध्याय, डाली खत्री, ज्योति अहिरवार आदि छात्राओं की नेत्र संबंधी समस्या का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन रेडक्रास प्रभारी डॉ. जीएल जैन एवं आभार व्यक्त रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया।

मतदाता दिवस पर नाटक प्रस्तुति 25.1.16



**कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर**

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव. :– www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore

# युवा रेडक्रास इकाई
# सत्र 2016–17

- रेडक्रास इकाई में पंजीकृत छात्रा संख्या – 1043

रेडक्रास की गतिविधियॉः–

छात्राओं को चश्मे प्रदाय – 5500

- सदस्यता शुल्क के रूप में जमा राशि :– 26075 / रू.
- सदस्यता शुल्क का 30 प्रतिशत राशि राज्य शाखा को प्रेषित किया जाएगा 6840 / –
- व्यय राशि रू. 5550 / रू.

आगामी प्रस्तावित कार्य योजना

माह जनवरी में आपदा प्रबंधन कार्यशाला प्रस्तावित

(डॉ. जी.एल. जैन)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेल:–heggcseh@mp.gov.in
वेव. :www.mpcolleges.nic.in/ggdcsehore/index.html

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## दंत परीक्षण शिविर आयोजित

आज दिनांक 06.03.2017 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री नाथ जी डेन्टल क्लीनिक से आये डॉ. नीतेश गौर एवं डॉ. अंकिता श्रीवास्तव का एन.एस.एस बैज एवं तिलक से स्वागत किया गया। तत्पश्चात डॉ. अंकिता ने छात्राओं को पायरिया, दाँतो की सड़न, दाँतो से खून आना, केविटी होना आदि के कारणों से अवगत कराया साथ दाँतो की सफाई तथा ब्रश करने के उचित तरीके को प्रदर्शन कर छात्राओं को समझाया। डॉ. नितेश गौर ने दोनो समय ब्रश से दाँतो की सफाई, दो से तीन महीने में ब्रश को बदलना, माउथवाश से मुँह की सफाई को आवश्यक बताया। माउथवाश न होने की स्थिति में गुनगुने पानी में दो चम्मच नमक डालकर कुल्ला करने से भी सफाई होती है। यदि दाँतो की उचित देखभाल प्रारंभ से ही की जाये तो दाँतो से होने वाली सभी गंभीर बीमारियों से दाँतो को बचाया जा सकता है। शिविर में लगभग 100 छात्राओं एवं स्टॉफ का परीक्षण किया गया। केमरे द्वारा छात्राओं को उनके दाँतो की वास्तविक स्थिति दिखायी गयी। सम्पूर्ण कैंप डॉ. जी. एल.जैन रेडक्रास प्रभारी एवं डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिसमें कु. विद्या मीणा, दीप्ति नवल, माधवी मालवीय, प्रीति राठौर, निधि टौंक, प्राची बिसौरिया, पूजा विश्वकर्मा, शिवानी प्रजापति, प्रियंका विश्वकर्मा, ज्योति मालवीय का विशेष सहयोग रहा।

दंत चिकित्सा परीक्षण 6.3.17






# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव. :– www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore


## युवा रेडक्रास इकाई
## सत्र 2017–18

- रेडक्रास इकाई में पंजीकृत छात्रा संख्या –1213

  रेडक्रास की गतिविधियॉः– स्वास्थ्य परीक्षण तथा फस्टएड बॉक्स रू. 568 /

  - सदस्यता शुल्क के रूप में जमा राशि :– 30325 /रू.
  - सदस्यता शुल्क का 30 प्रतिशत राशि राज्य शाखा को प्रेषित किया जाएगा 9098 /–
  - व्यय राशि रू. 568 /रू.

आगामी प्रस्तावित कार्य योजना

माह जनवरी में आपदा प्रबंधन कार्यशाला प्रस्तावित

(डॉ. जी.एल. जैन)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

बालिका दिवस पर व्याख्यान (8-12-17)





नवदुनिया 15
भोपाल, गुरुवार 09 फरवरी 2017

# सेहतमंद रहने डॉक्टर ने दिए छात्राओं को टिप्स

सीहोर। नवदुनिया न्यूज

बुधवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन क्लब, रेडक्रॉस व यूजीसी के संयुक्ततत्वाधान में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में जिला अस्पताल से आए डॉ. आरके वर्मा मेडिकल विशेषज्ञ ने अपने व्याख्यान में सभी छात्राओं को संतुलित आहार व नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। इसके साथ ही प्रतिदिन 6 से 8 घंटे की नींद हर हफ्ते नाखून काटना, हफ्ते में एक बार शैम्पू करना, समय पर भोजन करने से हम मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। इसके अतिरिक्तप्राथमिक चिकित्सा व उपचार के साथ-साथ मलेरिया, पीलिया, टाइफाइड जैसी बीमारियों के कारण व बचने के उपाय बताते हुए सरकारी योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, टीबी मरीज को महीने तक मुफ्त दवा

## शिविर में 150 छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण

का वितरण हेल्प सेंटर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पदमाकर त्रिपाठी जिला क्षय अधिकारी ने ब्लड प्रेशर डायबिटीज, टीबी व स्किन संबंधी समस्याओं के कारणों व उपायों को बताया। उन्होंने भोजन में जंक फूड न लेकर रेशेदार भोजन लेने की सलाह दी। भुनी अलसी आदि को स्वस्थ रहने के लिए उत्तम बताया। पसीना आने तक व्यायाम करने से, सुबह खाली पेट पानी पीने से, खाना चबाकर खाने से, दिनभर में कम से कम चार-छह लीटर पानी पीने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

डॉ. पुष्पा साहू एड्स सलाहकार ने छात्राओं को एड्स व भ्रष्ट के चार कारणों को बताते हुए कहा कि एड्स की सही जानकारी ही सबसे बड़ा बचाव है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इस व्याख्यान माला के बाद जांच परीक्षण टीम रेशमा चौधरी, गोपाल राठौर, दीपक वर्मा ने छात्राओं का हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर, ब्लड ग्रुप, वजन आदि का परीक्षण किया गया। साथ ही डॉ आरके वर्मा व डॉ. त्रिपाठी द्वारा छात्राओं की समस्याओं का निराकरण किया गया। शिवर में लगभग 150 छात्राओं तथा समस्त स्टॉफ की रक्त जांच व स्वास्थय परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश बकोरिया जिला संगठक रासेयो, डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी, डॉ दिव्य मिश्रा, डॉ जया शर्मा, डॉ प्रतिभा खरे, डॉ. डीएल जैन, डॉ राकेश खरे, डॉ. नीलम [illegible] व स्वय सेवक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश बकोरिया व आभार प्रदर्शन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन छनेजा ने किया।

14 नवदुनिया
भोपाल, मंगलवार 07 मार्च 2017
शाजापुर–सीहोर जिला
www.naidunia.com

# शिविर में छात्रों और शिक्षकों ने कराया दांतों का परीक्षण

सीहोर। नवदुनिया प्रतिनिधि

सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब, रेड क्रास के संयुक्त तत्वावधान में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रीनाथ जी डेंटल क्लीनिक से आए डॉ. नीलेश गौर व डॉ. अंकिता श्रीवास्तव का एनएसएस बैज व तिलक से स्वागत किया गया। इसके बाद डॉ. अंकिता ने छात्राओं को पायरिया, दांतों की सड़न, दांतों से खून आना, कैविटी होना आदि के कारणों से अवगत कराया साथ दांतों की सफाई तथा ब्रश करने के उचित तरीके को प्रदर्शित कर छात्राओं को समझाया।

डॉ. नीलेश गौर ने दोनों समय ब्रश से दांतों की सफाई, तीन से तीन महीने में ब्रश को बदलना, गरारा करना व मुंह की सफाई की आवश्यकता बताया। [illegible]



सीहोर। दांतों की जांच करते हुए डॉक्टर।

की स्थिति में गुनगुने पानी में दो चम्मच नमक डाल कर कुल्ला करने से भी सफाई होती है। यदि दांतों की उचित देखभाल प्रारंभ से ही की जाए तो दांतों से होने वाली सभी गंभीर बीमारियों से दांतों को बचाया जा सकता है।

शिविर में लगभग 100 छात्राओं और स्टाफ का परीक्षण किया गया। डॉक्टर द्वारा छात्राओं को उनके दांतों की वास्तविक स्थिति दिखाई गई। संपूर्ण कार्यक्रम डॉ. डीएल जैन रेडक्रास प्रभारी, डॉ. राजेश बकोरिया जिला संगठक रासेयो व डॉ. मंजरी अग्निहोत्री कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ जिसमें विद्यार्थियों, [illegible], प्रीति राठौर, निधि [illegible], प्राची बिसौरिया, पूजा विश्वकर्मा, शिवानी प्रजापति, प्रियंका विश्वकर्मा, [illegible] का विशेष सहयोग रहा।

## कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in
वेव. :– www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore

# युवा रेडक्रास इकाई
# सत्र 2018–19

- रेडक्रास इकाई में पंजीकृत छात्रा संख्या – 1349

रेडक्रास की गतिविधियॉः– माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन की प्रेरणा से 6 टीवी से ग्रसित बच्चो को गोद लेकर 6 माह तक पौष्टिक आहार प्रदान किया गया।

छात्राओं को चश्मे प्रदाय –

- सदस्यता शुल्क के रूप में जमा राशि :– 33725 / रू.
- सदस्यता शुल्क का 30 प्रतिशत राशि राज्य शाखा को प्रेषित किया जाएगा 10117 /–
- व्यय राशि रू. 14230 / रू.

आगामी प्रस्तावित कार्य योजना

माह जनवरी में आपदा प्रबंधन कार्यशाला प्रस्तावित

(डॉ. जी.एल. जैन)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

सीहोर-आष्टा पत्रिका

पत्रिका . शुक्रवार, 27 सितंबर, 2019
patrika.com


## माउथवॉश ही जरूरी नहीं

# 'नमक मिले पानी से कुल्ला कर दांतों की देखभाल करें'




**सीहोर.** शिविर में छात्राओं का दंत परीक्षण कर सलाह देते डॉक्टर।

## स्वच्छता के साथ मुस्कराहट बनाए रखने दिया संदेश

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीहोर.** शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वच्छता के साथ-साथ दांतों की स्वच्छता भी महत्वपूर्ण है। स्वस्थ मुस्कराहट के लिए स्वस्थ दांतों का होना आवश्यक है। माउथ वॉश न होने पर गुनगुने पानी में नमक डालकर कुल्ला करके भी दांतों को साफ रखें।

दांतों की देखभाल के यह टिप्स शासकीय कन्या महाविद्यालय में दंत चिकित्सक डॉ. नितेश गौर ने छात्राओं को दिए। कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वर्ण जयंती के मौके आयोजित निःशुल्क दन्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर डॉ. नीतेश गौर, डॉ. प्रियंका गौर, डॉ. अन्नपूर्णा के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन के साथ किया गया। शिविर के दौरान लगभग 300 छात्राओं एवं स्टाफ का दंत परीक्षण किया गया।

छात्राओं को निःशुल्क दवा के साथ पेन का भी वितरण किया। इस असर पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, रेडक्रास प्रभारी डॉ. जीएल जैन, रासेयो सहयोगी डॉ. प्रतिमा सोनी, कविता, अर्चना परमार, प्रिया धाड़ी, सुलोचना, मेघा झंवर, भावना व्यास, रानू राठौर, निशा मालवीय, दीप्ति परमार, रीतु बालौदिया, रेखा खेलवाल आदि शामिल रहे।

दूरभाष
ई-मेल- heggcseh@mp.gov.in

दिनांक 25 / 09 / 2019

# प्रेस विज्ञप्ति

## स्वच्छता के साथ मुस्कराहट बनाये रखने का संदेश

आज दिनांक 25 / 09 / 2019 को शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर में महात्मा गांधी की 150 वी जयंती एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन निःशुल्क दन्त परीक्षण शिविर का आयोजन डॉ. नीतेश गौर, डॉ. प्रियंका गौर, डॉ. अन्नपूर्णा राठौर एवं उनके सहयोगी श्री अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता मे पूर्ण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रासेयो के प्रेरणा पुरूष स्वामी विवेकानंद एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्जतलन के साथ किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ. नीतेश गौर ने कहा कि शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वच्छता के साथ–साथ हमारी दांतो की स्वच्छता भी महत्वपूर्ण है क्योकि स्वस्थ मुस्कराहट के लिए स्वस्थ दांतो का होना आवश्यक है। उन्होने दांतो की देखभाल, साफ–सफाई, दांतो की सड़न को रोकना, माउथ वॉश का प्रयोग करना, दिन में दो बार ब्रश करना, 5 प्रकार से ब्रश करके दांतो की सफाई का सही तरीका, ब्रश बदलने का समय, ब्रश का प्रकार आदि सभी बातो को विस्तृत रूप से बताया। माउथवॉश के न होने पर गुनगुने पानी मे नमक डालकर कुल्ला करके भी दांतो को साफ रख सकते है। इस शिविर के दौरान लगभग 300 छात्राओं एवं समस्त स्टाफ का दंत परीक्षण कराया गया। छात्राओं को निःशुल्क दवा के साथ पेन का भी वितरण किया गया। तथा भविष्य में निःशुल्क चेक अप का वादा किया। संम्पूर्ण शिविर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. जी.एल. जैन, रासेयो सहयोगी डॉ. प्रतिमा सोनी के मार्गदर्शन तथा कविता, अर्चना परमार, प्रिया धाड़ी, सुलोचना, मेघा झंवर, भावना व्यास, रानू राठौर, निशा मालवीय, दीप्ति परमार, रीतु बालौदिया, रेखा खेलवाल के विशेष सहयोग से पूर्ण हुआ। प्राचार्य ने सफल शिविर की शुभकामनाऐ दी।

दन्त परीक्षण - (25.9.19)






# कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in

वेव. :– www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore


## युवा रेडक्रास इकाई
## सत्र 2019–20

- रेडक्रास इकाई में पंजीकृत छात्रा संख्या – 1572

रेडक्रास की गतिविधियॉः–

1. दन्त परीक्षण शिविर
2. स्वास्थ्य परीक्षण शिविर
3. मानवीय आंनदी बेन राज्यपाल के निर्देशानुसार 6 T.B. ग्रस्त बच्चो को 6 माह तक पोषण आहार प्रदान किया गया।
4. समय समय पर महाविद्यालय मे अस्वस्थ होने वाली छात्राओ को तत्काल उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जाता है।

सदस्यता शुल्क के रूप में जमा राशि :– 56592 / रू.

सदस्यता शुल्क का 30 प्रतिशत राशि राज्य शाखा को प्रेषित किया जाएगा – 16978 /

- व्यय राशि रू. 39614 / रू.

आगामी प्रस्तावित कार्य योजना

1. दिव्यांग छात्राओ को बैसाखी
2. कोरोना महामारी में छात्राओं के लिए मास्क सेनेटाइजर एवं हेण्डगल्बस वितरण करना ।
3. आपदा प्रबंध की ट्रेनिंग प्रशिक्षण

(डॉ. जी.एल. जैन)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

टीबी ग्रस्त बच्चो को रेड क्रास के द्वारा पोषण आहार सामग्री वितरण



टीबी ग्रस्त बच्चो को रेड क्रास के द्वारा पोषण आहार सामग्री वितरण



# <u>कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर</u>

दूरभाष एवं फेक्स :— (07562)224706 ई—मेलः—heggcseh@mp.gov.in

वेब. :— www.mp.gov.in/highereducation/ggdcsehore

## <u>युवा रेडक्रास इकाई</u>
## <u>सत्र 2020—21</u>

- रेडक्रास इकाई में पंजीकृत छात्रा संख्या — 1704

रेडक्रास की गतिविधियॉः—

1. कोरोना महामारी में छात्राओं के लिए मास्क सेनेटाइजर एवं हेण्डगल्बस वितरण

2. समय समय पर महाविद्यालय मे अस्वस्थ होने वाली छात्राओ को तत्काल उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया जाता है।

सदस्यता शुल्क के रूप में जमा राशि :— 61344 /रू.

सदस्यता शुल्क का 30 प्रतिशत राशि राज्य शाखा को प्रेषित किया जाएगा — 18403/

- व्यय राशि रू. 16155 /रू.

आगामी प्रस्तावित कार्य योजना

3. आपदा प्रबंध की ट्रेनिंग प्रशिक्षण

(डॉ. जी.एल. जैन)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर

कोरोना महामारी में छात्राओं के लिए मास्क सेनेटाइजर एवं हेण्डगल्बस

